षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-12 शुक्रवार, दिनांक- 17 मार्च, 2017 ई० ।

मानननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अप० तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 04 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 30 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1918 नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1940 कला, संस्कृति एवं युवा विभाग में स्थानान्तरित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1942 कृषि विभाग में स्थानान्तरित ।

(vi) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(vii) 98 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्य स्थगन :-

माननीय सदस्य श्री मिथिलेश तिवारी, श्री विजय कुमार खेमका, श्री विद्या सागर केशरी, श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव, श्री अशोक कुमार सिंह, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह, श्री राणा रणधीर, श्री तार किशोर प्रसाद, श्री केदार प्रसाद गुप्ता, श्री विनोद कुमार सिंह, श्री जिवेश कुमार एवं श्री विजय कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री अमीत कुमार
(ii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii) श्री मो० नेमतुल्लाह
(iv) श्री सुदामा प्रसाद
(v) श्री महबूब आलम
(vi) श्री ललन पासवान
(vii) श्री शमीम अहमद
(viii) श्री मो० नवाज आलम
(ix) श्री समीर कुमार महासेठ
(x) श्री मदन मोहन तिवारी

(xi) श्री मुन्द्रिका सिंह यादव
(xii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(xiii) श्री रामदेव राय
(xiv) श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा
(xv) श्री सत्यदेव राम

[4] ध्यानाकर्षण सूचना :-

(i) माननीय सदस्य श्री रवि ज्योति कुमार का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री अशोक चौधरी द्वारा उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग श्री मदन सहनी द्वारा उत्तर दिया गया ।

इस दौरान अपनी विभिन्न माँगों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन से अनुरोध करने के बाद भी सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 05.50 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[5] गैर सरकारी संकल्प :-

(i) 08 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।
(ii) 10 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।
(iii) 01 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत ।
(iv) 113 गैर सरकारी संकल्प वापस ।
(v) 01 गैर सरकारी संकल्प अनागत ।
(vi) गैर सरकारी संकल्प क्रमांक संख्या-119 प्रश्न के रूप में परिवर्त्तित ।

(गैर सरकारी संकल्प संख्या-08 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया ।)

गैर सरकारी संकल्प संख्या-122 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-46 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक शनिवार, दिनांक-18 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-17.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।